हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 19 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

12 मिशन एडमिशनः 1184 सीटों पर रिकॉर्ड 3583 आवेदन आए



12 निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का किया आयोजन



## खबर संक्षेप

### हवाई फायर करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी गौरव, सत्यम उर्फ अतुल व प्रदीप उर्फ पहू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बब्याल के अमित ने 24 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुमित व अन्य ने गांव बब्याल में उससे मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी है।

### हेरोइन तस्करी के आरोप में दो काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव के दुखेड़ी पुल के पास से नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने सूचना के आधार पर आरोपी सोहन उर्फ रिंकू को 11 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि सतपाल भी इस मामले में संलिप्त है। पुलिस टीम ने तुरंत सतपाल को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी सतपाल एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** साइबर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को काबू किया है । पकड़ा गया आरोपी देवेंद्र राजस्थान के कोटा की अमृतधारा विस्तार कॉलोनी का रहने वाला है। पूछताछ के लिए उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से 2 मोबाइल फोन व 9500 की नकद राशि बरामद की गई है। अंबाला शहर के कांशी नगर के रहने वाले सुदेश ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने फेसबुक पर फ्रेंड बनकर ऑनलाइन डिजिटल गोल्ड ट्रेडिंग द्वारा ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का जुर्म किया है।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए ट्रायल्स 23 जून को

**करनाल।** उपनिदेशक खेल राकेश पांडे ने बताया कि महानिदेशक खेल विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बॉक्सिंग (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून से 29 जून 2025 तक जिला पंचकूला में किया जाएगा, प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन ट्रायल्स के आधार पर किया जाएगा। जिले के इच्छुक खिलाडियों के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन 23 जून को प्रातः 9 बजे स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा।

### कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा द्वारा 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बी.टेक प्रथम सेमेस्टर (री-अपीयर), बी.टेक. प्रथम सेमेस्टर (केमिकल इंजीनियरिंग), एम.ए. (राजनीति विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) फ्रेश, बीटीएम तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश) नॉन-सीबीसीएस (एनईपी), बी.एससी./बी.एड तृतीय सेमेस्टर (री) आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### लुटेरा गिरोह पकड़ा, छह वारदातों का खुलाला

**पानीपत।** सीआईए श्री ने राहगीरों से मारपीट कर मोबाइल व नगदी छीनने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के अभिषेक उर्फ बाबा पुत्र ओमकार, जीवन उर्फ प्रधान पुत्र खेमपाल निवासी हरिनगर, मनप्रीत उर्फ हन्नी पुत्र सुखदेव व नितीन उर्फ भूत पुत्र डीगपाल निवासी सैनी कालोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों से स्नेचिंग की छह वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपियों की पहचान हरिनगर निवासी अभिषेक उर्फ बाबा, जीवन उर्फ प्रधान व सैनी कॉलोनी निवासी मनप्रीत उर्फ हन्नी व नितीन उर्फ भूत के रूप में हुई है।

### नगर निगम के तहत कुर्की की कार्रवाई से मचा हड़कंप

# दो बकायादारों ने 7.66 लाख सम्पत्ति कर का किया भुगतान

**पेट्रोल पम्प मालिक ने 1 लाख 54 हजार रुपये बकाया सम्पत्ति कर चुकाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- कुर्की की कार्रवाई रहेगी जारी, डिफाल्टर संस्थान जल्द जमा करवाएं सम्पत्ति कर।

नगर निगम की सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा है। अब बकायादारा अपना सम्पत्ति कर भरने में रूचि दिखा रहे हैं।

इसके तहत मंगलवार को अटैचमेंट की गई 2 प्रॉपर्टी मालिकों ने 7 लाख 66 हजार रुपये बकाया सम्पत्ति कर नगर निगम में जमा करवा दिया है, जबकि एक अन्य बकायादारा द्वारा भी कार्रवाई से पहले सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सम्पत्तियों की कुर्की करने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा बकाया राशि वसूल करने के लिए की जाती है। अगर सम्पत्ति धारक प्रत्येक वित्त वर्ष में समय से अपना सम्पत्ति कर जमा करवाते रहें, तो इस तरह की कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर सम्पत्ति मालिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने में रूचि नहीं लेंगे, तो उन पर कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। अस्पताल चौक स्थित बीकानेर भोजनालय द्वारा 3 लाख 88 हजार रुपये तथा सेक्टर-7 स्थित एस.सी.ओ. मालिक द्वारा 3 लाख 78 हजार रुपये बकाया कर का भुगतान कर दिया गया है। इन दोनों की सील खोल दी गई है। अब इन सम्पत्तियों पर नीलामी की कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त नेशनल हाईवे-44 स्थित म्यूर ढाबा के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प मालिक द्वारा भी कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए 1 लाख 54 हजार रुपये सम्पत्ति कर का भुगतान किया गया है। तीनो बकायादारों द्वारा कुल 9 लाख 20 हजार रुपये सम्पत्ति कर का भुगतान किया गया है।



करनाल। कुर्क किए गए एससीओ की सील खोलता नगर निगम का कर्मचारी।

**अब कार्रवाई होगी**

निगमायुक्त ने बताया कि डिफाल्टर सम्पत्ति धारकों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब कार्रवाई की बारी है। कुर्की की अगली कार्रवाई में निजी स्कूल, कोचिंग सेंटर व अस्पताल इत्यादि वाणिज्यिक संस्थानों को शामिल किया गया है। अभी डिफाल्टर संस्थानों के पास कुछ समय है। यह जल्द ही सम्पत्ति कर का भुगतान कर कुर्की की कार्रवाई से बच सकते हैं।

# आरटीई के तहत दाखिला लेने के लिए छात्रों को दोबारा करना होगा आवेदन

- 25 जून को परिणाम जारी कर अलॉट कर दिए जाएंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) नियम के तहत दाखिले को लेकर अब 23 जून तक पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके बाद परिणाम जारी होगा। 1 जुलाई से स्कूल खुलने के बाद छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला मिलेगा।

पहले जिले में कुल 1 हजार 865 छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किए थे। निजी स्कूलों में नर्सरी विंग व पहली कक्षा तक दाखिला होना है। दरअसल दाखिला प्रक्रिया के तहत पहले छात्रों को 23 जून तक पोर्टल पर दोबारा आवेदन करना होगा। इसके बाद 25 जून को समिति की ओर से छात्रों को परिणाम जारी कर स्कूल अलॉट किया जाएगा। 1 से 7 जुलाई तक निजी स्कूलों में दाखिले किए जाएंगे। 14 से 18 जुलाई तक सीट खाली होने पर वेटिंग सूची में आए छात्रों के दाखिले होंगे।

### ये दस्तावेज होंगे जरूरी

दाखिले के लिए छात्र का जन्म प्रमाण पत्र , आय प्रमाण पत्र (ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए) , जाति प्रमाण पत्र (वंचित वर्ग के लिए) व निवास प्रमाण पत्र (जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, या बिजली, पानी का बिल) जरुरी है। माता-पिता का पहचान पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो भी लेकर आनी होगी। नर्सरी में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र बीती 31 मार्च 3 साल पूरी होनी चाहिए। इसी तरह एलकेजी में बच्चे की उम्र 4 साल, यूकेजी में बच्चे की उम्र 5 साल और कक्षा पहली में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र 6 साल पूरी होनी चाहिए। आवेदक को अपने निवास स्थान से 0-1 किलोमीटर और 1-3 किलोमीटर की परिधि में स्थित निजी स्कूलों में से ही चयन करना चाहिए। यदि आवेदक का निवास चयनित स्कूल के 1-3 किलोमीटर की परिधि में नहीं आता है तो सत्यापन के दौरान विद्यालय प्राधिकरण की ओर से आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

**23 अंतिम तारीख**

आरटीई के तहत आवेदन प्रक्रिया चल रही है। अभिभावकों को 23 जून तक पोर्टल पर दोबारा आवेदन करना है। 25 जून को परिणाम जारी होने के बाद जुलाई माह में स्कूल खुलते ही बच्चों को स्कूल अलॉट किए जाएंगे।
**-सुधीर कालड़ा,** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

### हादसे में बाइक चालक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था की आईटीआई के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक बसंत पुत्र कश्मीरी लाल मूल निवासी गांव पनिहारी जिला सोनीपत हाल निवासी गांव नौल्था जिला पानीपत की मौत हो गई। जबकि चालक अपनी सोनीपत नंबर की कार को मौके पर ही छोड कर फरार हो गया। इधर, इसराना थाना पुलिस ने बंसत के शव का पोस्टमार्टम करवाया और कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चचेरा भाई ही निकला चोर, चार गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव मछरौली में साक्षी पत्नी सन्नी के घर से चोरी हुए सोने व चांदी के लाखों रूपए कीमत के गहने चोरी की वारदात का पर्दाफास करते हुए गांव मछरौली निवासी रितिक व इससे चोरी के जेवर खरीदे वाले प्रदीप, गांव बिंझौल निवासी अनिल व साहिल उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी रितिक शिकायतकर्ता साक्षी का चचेरा देवर है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी सुमित सरोहा ने बताया कि थाना समालखा में माच्छरौली गांव निवासी साक्षी की शिकायत पर केस दर्ज है। पूछताछ में आरोपी रितिक ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है और उसके उपर काफी कर्ज चढ़ा हुआ है।

## तारों की चपेट में आने से दंपति और आठ माह का बच्चा झुलसा

- सभी घायल सिविल अस्पताल में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव परवालों में बीती रात छत पर खाना खाने के लिए चढ़े दंपति व उनका आठ माह का बच्चा हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से झुलस गया। इस दौरान तारों से चिंगारियां निकली। जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। गनीमत यह है कि तीनों हालत में सुधार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला बाराबंकी के गांव दरियापुर निवासी राजकुमार ने बताया कि वह प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है। वह अपनी पत्नी व आठ माह के बच्चे के साथ गांव परवालों में किराय के मकान में रहता है। रात को 9 बजे बिजली चली गई थी। जिस कारण वह खाना खाने के लिए अपनी पत्नी व बच्चे के साथ घर की छत पर चला गया। घर की छत के ऊपर से हाई टेंशन बिजली की तारे गुजर रही है।

इस दौरान वह उसकी पत्नी व आठ माह का बच्चा हाई टेंशन तारों की चपेट में आ गया। इस दौरान जोरदार धमाका हुआ और बिजली के तारों से चिंगारियां उठने लगी। जिस कारण आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। फिलहाल उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### झोपड़ी से एक माह की मासूम का अपहरण

**पानीपत।** विकास नगर में स्थित झोपडी से एक माह की बच्ची का अपहरण कर लिया। वहीं, बलराम निवासी गांव पथरौरा जिला नालंदा, बिहार पिछले छह सालों से पानीपत के विकास नगर में झोपड़ी में अपनी पत्नी टूसी के साथ रहता है। वह डेढ़ साल की बेटी सलौनी और एक माह की बेटी का पिता है।

वहीं, सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उसने और टूसी ने खाना खाया था। वह खाना खाकर झोपड़ी से लगभग 30 मीटर दूर शौचालय में चला गया। जबकि टूसी झोपड़ी के बाहर बर्तन साफ करने लगी। टूसी जब बर्तन साफ कर 10 मिनट में वापस अंदर गई तो एक माह की बेटी नहीं मिली। टूसी ने शोर मचाया तो वह दौड़कर यहां पहुंचा। इधर, सीआईए और हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। लेकिन पुलिस के हाथ बच्ची को लेकर कोई साक्ष्य हाथ नहीं लगा है।

## हरियाणा रोडवेज का अनिशिचतकाल के लिए चक्का जाम करने की चेतावनी

- बस परिचालक पर जानलेवा हमले के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के घोषित प्रोग्राम अनुसार फतेहाबाद डिपो के परिचालक कृष्ण कुण्डू पर ड्यूटी के दौरान हमला करने वाले को गिरफ्तार न करने के विरोध में मौजूद राज्य सांझा मोर्चा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को सम्बोधित किया।

मोर्चा ने कहा कि 16 जून को हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद डिपो की एक बस हरिद्वार से फतेहबाद जा रही थी। जब हिसार बस अड्डे पर पहुंची तो सवारियों के साथ कुछ लड़के भी बस में बैठ गए। जब परिचालक कृष्ण कुण्डू द्वारा एक युवक को टिकट लेने के लिए कहा तो उसने जवाब दिया कि मैं टिकट नहीं लूँगा ओर मुझे ढंडूर उतार देना। युवक परिचालक से झगड़ा करने लगा ओर युवक ने अपने 10-15 साथियो को बुलाकर परिचालक पर हमला कर दिया। परिचालक को गंभीर चोटे आई है। परिचालक का ईलाज अग्रोहा हस्पताल में चल रहा है। फतेहाबाद डिपो के कर्मचारियों ने फतेहाबाद डिपो व टोहाना सब डिपो बंद करके हड़ताल कर दी। यदि पुलिस प्रशासन 19 जून रात 12 बजे तकभी उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे हरियाणा रोडवेज का अनिश्चितकाल के लिए चक्का जाम किया जाएगा।



### विवि प्रशासन ने गठित की एंटी रैगिंग कमेटी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2025-26 में रैगिंग को लेकर जीरो टॉलरेंस पालिसी अपनाते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे रैगिंग को रोकने के लिए अपने-अपने स्तर पर उचित कदम उठाएं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार गठित एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुधवार को कमेटी रूम में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल की अध्यक्षता में हुई।

एंटी रैगिंग कमेटी ने विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में रैगिंग की समस्या को रोकने के कई महत्वपूर्ण फैसले लिए व नए सत्र के शुरू होते ही रैगिंग रोकने के लिए कौन क्या करेगा उसकी जिम्मेवारियां तय की गई। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि रैगिंग एक अपराध है यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेवारी है कि वह रैगिंग को लेकर सतर्क हों।

### योग आयोग के चेयरमैन ने ली सामाजिक संस्थाओं की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025, जिसका भव्य आयोजन महाकुंभ के रूप में कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर परिसर में 21 जून को किया जाना है, उसमें प्रशासन को सहयोग देने हेतु योग से जुड़ी व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों संग एक बैठक कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कार्यालय परिसर में स्थित मीडिया सेंटर पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा द्वारा सभी का अभिनंदन कर के किया गया। चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने सभी संस्थाओं को इस आयोजन में अधिक से अधिक सहभागिता के लिये प्रेरित किया व अपने स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की सूची हेतु कहा। सभी ने अपनी संस्था की संभावित उपस्थिति संख्या व सेवाभावी कार्यकताओं की संख्या निर्धारित कर नोट करवा दी। सभी को विशेष दायित्व निर्वाह करने के निर्देश चेयरमैन द्वारा दिए गए। साधकों को निश्चित स्थान पर बैठाने व अन्य व्यवस्थाओं हेतु प्रत्येक सैक्टर में 5-6 कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी। बैठक में आयोग के रजिस्ट्रार डॉ राज कुमार, जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन कमेटी के सचिव गुलशन ग्रोवर, जिला संघ कार्यवाह संजय कौशिक, बाल्मीकि सभा से स्वामी संगम नाथ, मीडिया प्रभारी प्रो. निरुपमा भट्टी, आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। विकास बोर्ड के मीडिया सेंटर में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य।

### अवैध खनन करने वाले वाहनों को जब्त किया

**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है। इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एसआई जितेंद्र, एएसआई संदीप व नवीन द्वारा चैकिंग के दौरान जी.टी. रोड चढ़दी कलां ढाबा, गढ़ी मुल्तान के पास रेत से भरे दो ट्रकों को रोका गया। उक्त दोनों वाहनों के वैध ई-रवाना बिल नहीं पाए जाने पर इन वाहनों को जब्त कर खनन विभाग की टीम द्वारा मधुबन थाने में खड़ा किया गया है। इसी प्रकार अवैध खनन की सूचना मिलने पर थाना सदर के स्टाफ में एसएचओ तरसेम चंद, एसआई जगमोहन व एएसआई मनजीत की टीम द्वारा गांव मिरगैन मेरठ रोड पर रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को चेक किया और कोई वैध ई-रवाना बिल न पाए जाने पर वाहन को थाना सदर में खनन विभाग द्वारा सीज कर दिया गया। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।



### कैग खंगाल रही है फाइल, घोटाला उजागर होने की संभावना

# 28 हजार स्ट्रीट लाइटों की खरीद की ऑडिट शुरू

- 18 करोड़ की लागत से खरीदी गई थी 28 हजार स्ट्रीट लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम में नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) ने कई मामलों का ऑडिट शुरू कर दिया है। इसमें 28 हजार स्ट्रीट लाइटों की फाइल भी शामिल है। नगर निगम ने दिव्य योजना के तहत अढ़ाई साल पहले करीब 18 करोड़ की लागत से शहर के लिए स्ट्रीट लाइटों को खरीदा था। मगर यह स्ट्रीट लाइटें अब तक लगाई नहीं जा सकीं।

कुछ समय पहले ही इन स्ट्रीट लाइटों को लगाने के लिए 14.50 करोड़ रुपये का एक ठेकेदार को टेंडर दिया है। जिस दिन से टेंडर की जानकारी सामने आई है उसी दिन से हंगामा शुरू हो गया था । अब कैग की जांच के बाद सामने आएगा कि स्ट्रीट लाइटों को लेकर किस प्रकार की गड़बड़ी की गई है। नगर निगम में इन स्ट्रीट लाइटों को एक कमरे में रखवाया गया है। इसके गेट को प्लास्टर से बंद कर दिया है। दरअसल नगर निगम के सभी 20 वार्डों में स्ट्रीट लाइटों बदला जाना था। इसके बाद दिव्य योजना में इन लाइटों को करीब 18 करोड़ रुपये में खरीदा गया। इसमें 70 प्रतिशत सरकार को तो 30 प्रतिशत नगर निगम को भुगतान करना था। अब सीएजी स्ट्रीट लाइट की खरीद से जुड़ी फाइल की गहनता से जांच कर रही है। जांच के दौरान इसमें बड़ा घोटाला उजागर होने की संभावना जताई जा रही है। दिशा कमेटी की बैठक में सह अध्यक्ष राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मामले में भ्रष्टाचार की संभावना जताते हुए विजिलेंस जांच की संस्तुति तक कर दी है। उन्होंने बैठक में बताया था कि ढ़ाई साल से स्ट्रीट लाइटों को बंद कमरे में रखना अपने आप में ही लापरवाही को दर्शाता है।



**साढ़े 14 करोड़ में दिया गया है टेंडर**

इन 28 हजार स्ट्रीट लाइटों को लगाने के लिए हाल ही में साढ़े 14 करोड़ रुपये की एक कंपनी को ठेका दिया है। जबकि इससे पहले चार हजार स्ट्रीट लाइटें बाहर से मंगाकर लगाई गईं थी। इनमें करीब 40 लाख रुपये का ठेका नगर निगम ने दो एजेंसियों को दिया था। दोनों ने इसी धनराशि पर लाइटों को लगा दिया। अब अगर 28 हजार स्ट्रीट लाइटों के लिए पोल और दूसरी जरूरी चीजों को जोड़ भी लें तब भी खर्च अढ़ाई तीन करोड़ रुपये से अधिक नहीं जाता है। ऐसे में साढ़े 14 करोड़ रुपये के ठेके पर भी सवाल उठ रहे हैं। मेयर सैलजा सचदेवा ने कहा कि 28 हजार स्ट्रीट लाइटें मंगाई गई थी। इसका जवाब मिलना चाहिए कि किसने स्ट्रीट लाइटें मंगाईं, क्यों मंगाईं, इन्हें अब तक क्यों नहीं लगाया गया, इनको लगाने का ठेका बार-बार छोटा बड़ा क्यों किया गया। इन 28 हजार लाइटों में से चार हजार स्ट्रीट लाइटों को लगा भी दिया गया है। इसकी भी सही जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## डंपर की चपेट में आने से प्रवासी मजदूर की मौत

- जगाधरी की बूडिया चुंगी के पास हादसा, पुलिस ने किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की बूडिया चुंगी के पास बीती रात डंपर की टक्कर लगने से प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बिहार निवासी 40 वर्षीय नरेश प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। वह जगाधरी में बूडिया चुंगी के नजदीक किराए के मकान में रहता था। मंगलवार रात 9 बजे वह फैक्ट्री से छुट्टी कर घर लौट रहा था। जब वह बूडिया चुंगी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे डंपर ने नरेश को टक्कर मार दी।

### डंपर में फंसकर 20 मीटर तक घसीटता चला गया

टक्कर लगने से नरेश डंपर में फंसकर करीब 20 मीटर तक घसीटता चला गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

आसपास के लोगों ने घायल नरेश को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नानी बाई रो मायरो कथा भगवान कृष्ण द्वारा भात भरने के दृश्य के साथ संपन्न

- गौकर्ण गऊ सेवा संस्था करनाल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

गौकर्ण गऊ सेवा संस्था करनाल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का उत्सव बुधवार को सम्पन्न हुआ। पांच दिन चले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर धर्म लाभ उठाया। नानी बाई रो मायरो कथा बुधवार को भगवान कृष्ण द्वारा भात भरने के दृश्य के साथ संपन्न हो गई। श्रद्धालुओं ने भात में कपड़े, नकदी, आभूषण अन्य सामग्री दी। इससे पहले कथावाचक राधा श्री ने कहा कि जिसका कोई नहीं होता, उसका भगवान होता है। भगवान भक्त की रक्षा के लिए आते हैं। भक्त नरसी को बेटी के यहां से भात भरने की चि_ी मिलती है, तो वे सूची देख अचंभित हो जाते हैं। भक्त नरसी ने भगवान कृष्ण का स्मरण करते हुए मन ही मन कहा कि प्रभु मेरी लाज आपके हाथ है। दीनहीन होने के कारण नरसी के साथ उसके परिवार के सदस्य भी भात भरने जाने को तैयार नहीं हुए। वे 16 साधुओं के साथ बैलगाड़ी से रवाना हुए। जैसे ही नरसी अपनी बेटी के यहां पहुंचे तो काफी अपमान हुआ और उपहास उड़ाया गया।

नानी बाई जब अपने पिता नरसी से मिलने गई तो कहा-खाली हाथ आए हो तो लौट जाओ, पर नरसी को अपने भगवान पर भरोसा था। नानी बाई पिता से मिलकर ससुराल पहुंची तो ससुराल पक्ष के लोगों ने पूछा-भात में नरसी क्या क्या सामान लाए हैं। उन्हें क्या चाहिए प्रत्येक व्यक्ति ने नानी बाई को बताया। जैसे ही नरसी नानी बाई के यहां पहुंचे तो भगवान से भक्त का भरोसा नहीं उठे, इसलिए भगवान कृष्ण को नानी बाई का भाई बनकर भात भरना पड़ा, जिसने जो मांगा उसे वह मिला। संस्था के प्रधान सेवक एवं संस्थापक दिनेश गौकर्ण ने करनाल में कथा सुनाने के लिए राधा श्री और प्रयास कीर्तन के लिए श्याम अग्रवाल व प्रयास की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।



### प्रयास कीर्तन में विश्व विख्यात गायकों ने किया गुणगान

गऊ माता को समर्पित प्रयास कीर्तन में 35 से ज्यादा विश्व विख्यात गायकों ने श्री बालाजी एवं श्याम बाबा की महिमा का बखान किया। श्याम बाबा का दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। पूरा पांडाल जय श्री राम और जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। बाल गायकों से लेकर महिला गायकों और वरिष्ठ गायकों ने भजनों के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाई। श्याम बाबा को रिझाने का काम किया। कृष्णा, मिताली, विकास झा, राहुल कश्यप, मायरा, मनीष व गोविंद ने सबको श्याम बाबा की मस्ती में लीन कर दिया। जय हो जय हो जय हो बाबा श्याम... भजन सुन श्याम प्रेमी भाव विभोर हो उठे और श्याम बाबा के जयकारे लगाने लगे। संस्था के प्रधान सेवक एवं संस्थापक दिनेश गौकर्ण ने कहा कि करनाल में गौवंश के इलाज के लिए विशाल चिकित्सालय निर्माण किया जाएगा। जमीन की तलाश की जा रही है। उन्होंने लोगों से इस पुण्य कार्य में सहयोग की अपील की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान दिनेश गौकर्ण, सुभाष गुप्ता, राजीव चौधरी, नीरज सिंगला, आशीष जैन, अभिषेक गौकर्ण, रजत शर्मा, राकेश जिंदल, श्याम अग्रवाल (प्रयास कीर्तन), शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता, विनय सिंगला, प्रवीण गोयल, रोहित गौकर्ण, महेश गौकर्ण, प्रिंस बंसल, बोबी सिंगला, रोहित, रिषभ, जितेंद्र सिंगला, जितेंद्र सिंगला, शिवम कौशिक, कृष्ण, आशीष गुप्ता, मोहित गोयल, जिनेश जैन, अमन, प्रिंस बंसल, स्वर्णिम, अनुभव, अक्षय गौकर्ण, ध्रुव गौकर्ण, आनंद गुप्ता व सागर सहित गौकर्ण गऊ सेवा संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग दिव्यांग लापता पुलिस ने शुरू की तलाश

**करनाल/काछवा।** गांव काछवा निवासी एक बुजुर्ग दिव्यांग अमरचंद के लापता होने से गांव में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह से लापता अमरचंद की ट्राई साइकिल और छड़ी जटपुरा नहर के किनारे मिलने से हादसे या आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंचकर नहर में तलाश अभियान चला रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका।परिजनों के अनुसार अमरचंद लंबे समय से बीमार थे और मानसिक रूप से भी परेशान रहते थे। वह अक्सर कहते थे कि भगवान उन्हें उठा ले। बुधवार सुबह वह अचानक घर से निकल गए और वापस नहीं लौटे। जब परिजन उन्हें तलाशते हुए नहर किनारे पहुंचे तो वहां उनकी इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल और छड़ी पड़ी मिली।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश शुरू की गई। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हादसा है या आत्महत्या।

### अड़ाना में चोरों ने की वारदात, आसपास के लोगों में भय

# बंद घर से नकदी और गहनों की चोरी चोरों ने तोड़े ताले व खंगाली अलमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल/असंध

शहर में एक के बाद एक चोरी की वारदातों से लोगों में भय का माहौल है। पहले भी चोर जज के घर को भी निशाना बना चुके हैं। अब गांव अड़ाना में बंद घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने नकदी और गहनों की बड़ी चोरी को अंजाम दिया। घटना उस समय हुई जब घर की मालकिन पूनम अपने मायके गई हुई थी। घटना की जानकारी पड़ोसियों द्वारा फोन पर मिलने के बाद महिला ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी।

महिला पूनम ने पुलिस को बताया कि वह 15 मई को अपने मायके गई थी और जाते समय घर के सभी ताले बंद किए थे। 18 जून की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसियों से चोरी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि घर का मुख्य गेट टूटा हुआ था और अलमारियों के ताले भी तोड़े जा चुके थे। चोर घर से 25 हजार रुपये नकद, सोने के झुमके, सोने व चांदी की अंगूठियां तथा पाजेब लेकर फरार हो गए।महिला ने बताया कि यह नकद राशि खेत के ठेके से प्राप्त हुई थी, जिसे सुरक्षित अलमारी में रखा गया था। चोरों ने पूरे घर को खंगाल डाला और कीमती सामान समेट ले गए। महिला ने पहले अपने स्तर पर चोरी के सुराग तलाशने की कोशिश की, लेकिन सफलता न मिलने पर असंध थाने में शिकायत दर्ज करवाई और चोरी हुए सामान की सूची भी सौंपी। जांच अधिकारी योगेश ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बंद में चोरों ने अलमारी का सामान निकाला

- जब घर की मालकिन पूनम अपने मायके गई हुई थी उस समय हुई घटना
- 18 जून की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसियों से चोरी की सूचना दी
- पीड़िता जब पहुंचनी देखा कि घर का मुख्य गेट टूटा हुआ था



### यह पहले हुई वारदातें

**करनाल में जज के घर में भी घुस गए थे चोर**

आईटीआई चौक के समीप ऑफिसर्स कॉलोनी में रविवार को जेएमआईसी अनमोल कक्कड़ के घर में दो चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय जज घर पर नहीं थे, लेकिन उन्होंने सीसीटीवी कैमरे से चोरों को घर में देख लिया और तुरंत अपने रीडर को सूचना दी। रीडर मौके पर पहुंचे तो भाग गए।

**पेंट फैक्टरी को बना चुके हैं निशाना**

असंध के सालवन रोड पर स्थित चाय की दुकान से चोर गैस सिलेंडर, चार पेटी कोल्ड ड्रिंक और नकदी चुराकर फरार हो गए। दुकान मालिक गुरनाम सिंह ने बताया कि वह रात को ताला लगाकर गया था, सुबह दुकान टूटी मिली। मेरठ रोड स्थित उनकी पेंट फैक्टरी 'आरपी पेंट इंडिया' में शुक्रवार-शनिवार रात चोरी हुई।

# उपमंडल अधिकारी के खिलाफ धरना दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- उपमंडल अधिकारी और सब यूनिट नेताओं की वार्ता में ज्यादातर मांगों पर सहमति बनी

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की मेरठ रोड सब यूनिट ने उपमंडल अधिकारी मेरठ रोड के खिलाफ धरना दिया। अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुरेंद्र कांबोज ने की व संचालन सचिव प्रदीप कुमार ने किया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी ने वार्ता का निमंत्रण दिया। उपमंडल अधिकारी तथा सब यूनिट नेताओं की वार्ता में ज्यादातर मांगों पर सहमति बनी है। उपमंडल अधिकारी ने सभी मांगों को 24 जून तक पूरा करने का वादा किया है। यूनियन ने धरने को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है। अगर अधिकारी ने वादा पूरा करते हुए समस्याओं का हल नहीं किया तो 25 जून से आंदोलन की शुरूआत कर दी जाएगी। इस अवसर पर कैलाश, अशोक, पवन, जोगिंद्र सिंह, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, उपप्रधान रमेश शर्मा, अनंत कुमार, संजीव कुमार, संदीप शर्मा, अशोक कुमार, हरीश चोपड़ा, मोहन शर्मा, भाग सिंह, यूनिट सचिव जगमाल सिंह, युवराज, मुकेश, ललित, राजकुमार, पप्पू शर्मा, सुंदर, राजेंद्र कल्याण, धर्मेंद्र, मनोज सैनी, तेजपाल, राकेश व राजबीर मौजूद रहे।

# 1200 से ज्यादा मतदाता होने पर बनाए जाएंगे नए बूथ : उत्तम सिंह

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिला में जिन बूथों पर 1200 से ज्यादा मतदाता होंगे, वहां नए बूथ बनाए जाएंगे और ऐसे बूथों पर नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में नए मतदान केंद्रों से संबंधित आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी ईआरओ को कहा कि जो नए बूथ बनाए जा रहे हैं, उन स्थानों का निरीक्षण शुक्रवार तक कर लें, निरीक्षण के दौरान यह चेक करें कि जहां ये बूथ बनाए जा रहे हैं, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने इस बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता हैं, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए नए बूथ बनाए जा रहे हैं, उन्होंने यह भी कहा कि बूथ बनने के बाद अगर आपको कोई आपत्ति है या कोई सुझाव देना है तो भी वे आप दे सकते हैं। इस मौके पर करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, नीलोखेड़ी के एसडीएम अशोक कुमार, घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, असंध के एसडीएम राहुल, सीटीएम मोनिका के अलावा राजनैतिक दलों से बीजेपी से अशोक कुमार सिरसी, कांग्रेस से जोगिंदर वाल्मीकि व आनंद चौहान, आईएनएलडी से सुरजीत संधु, आप से सोनू कुमार, बीएसपी से राम किशोर सहित चुनाव कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।



# नाले के पानी की निकासी न होने से दुकानदार व राहगीरों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

बुधवार सुबह आई बरसात के कारण शहीदी चौक इंद्री के सामने बनी गोल मार्किट के बाहर नाले के पानी की निकासी न होने के कारण बरसात का पानी भर गया जिससे नगर पालिका के विकास कार्यो की पोल खुल गई । बरसात का पानी भरने के कारण दुकानदार व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है । दुकानदार सुखविंद्र शर्मा, गुरदीप सिंह, फकीरचंद, जयसिंह, श्यामदास व सुनील आदि ने बताया कि उनकी दुकानों के बाहर हल्की सी बरसात आने के कारण ही पानी भर जाता है लेकिन नगर पालिका उनकी समस्या का कोई हल नहीं कर रही है । दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पानी की निकासी के लिए करीब 1 करोड़ की ज्यादा राशि की लागत से नाला बनाया गया था लेकिन उक्त नाले के पानी का ढलान सही नहीं किया गया जिस कारण नाले मे गंदगी भरी रहती है और पानी की निकासी नहीं हो पाती । दुकानदार इस मामले को लेकर कई बार नगर पालिका अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है । दुकानदारों ने कहा कि शीघ्र पानी की निकासी करवाकर समस्या को हल करवाया जाए ।

इस मामले मे नपा सचिव धर्मबीर ने बताया कि नाले का लेवल सही नहीं है जिसको ठीक करवाने के लिए बीएंडआर विभाग को पत्र लिखा जाएगा । शीघ्र ही समस्या का हल करवा दिया जाएगा



इंद्री। शहीदी चौक के सामने बनी गोल मार्किट के बाहर भरा पानी। *फोटो : हरिभूमि*

# सरकार ने किया किसानों, महिलाओं एवं युवाओं का सशक्तिकरण: प्रवीण



**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने आज संकल्प से सिद्धि तक - विकसित भारत का अमृतकाल : सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष/" कार्यक्रम के अंतर्गत संगोहा मंडल के गांव ब्याना में आयोजित बैठक में सहभागिता की। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन काल में जो 57 सालों में नहीं किया वह भाजपा सरकार ने 11 सालों में कर दिखाया केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला व युवाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। कोरोना के दौरान देश को सुरक्षित सुरक्षा कवच देने से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हजारों भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित वापस लाना सरकार की मजबूती को दर्शाता है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिखाया कि देश पर बुरी नजर डालने वाली हर ताकत को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष राममेहर शर्मा, मंडल महामंत्री जयपाल कश्यप,मोहर सिंह सैनी, जयपाल सांवत, सिकन्दर सुलेमानी, सुभाष कश्यप सहित संगोहा मंडल के कार्यकर्ता व अन्य मौजूद रहे।

फोटो। 4098

# श्री साधु सेवा पन्थी आश्रम का 47वां वार्षिक महान यज्ञ 20 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- 10 बजे प्रात: कथा कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन होगा

श्री साधु सेवा पंथी आश्रम सुभाष गेट का 47वां वार्षिक महान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 20 से 22 तक कथा कीर्तन व सत्संग आयोजन होगा। 20 से 22 जून तक श्री अखंड पाठ साहिब, रात्रि कथा कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह महान यज्ञ ब्रह्मज्ञानी महंत बाबा धन्ना राम महाराज एवं महंत भाई मदन लाल महाराज की पुण्य स्मृति में मनाया जा रहा है। वार्षिक महान यज्ञ प्रो. महंत भाई नंदलाल राम के सान्निध्य में हो रहा है। समापन अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। 20 जून को सुबह 7 बजे प्रातः श्री अखंड पाठ साहिब आरम्भ होगा। 7.30 बजे रात्रि के कीर्तन एवं सत्संग 9.30 बजे समाप्ति तथा गुरु का लंगर बरताया जाएगा। 21 जून को 7 बजे रात्रि कथा कीर्तन एवं सत्संग होगा और 9.30 बजे गुरु का लंगर आरंभ होगा। 22 जून दिन रविवार सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग। 10 बजे प्रातः कथा कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन होगा और दोपहर 1.30 बजे गुरु का लंगर आरंभ होगा।

**आयोजन** | हमारा मिशन स्वस्थ भारत के नवीन सन्दूजा ने आयुष विभाग के साथ मिलकर कराए आसान

# जिला कारागार में 850 कैदियों को योगाभ्यास करवाया

- 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

आयुष विभाग करनाल तथा हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संयुक्त तत्वाधान में करनाल के मुख्य योग शिक्षक नवीन सन्दूजा एवं उनकी टीम ने जिला कारागार करनाल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया।

जिला कारागार करनाल में जेल अधीक्षक जिला कारागार करनाल लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता में तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरख में जिला कारागार करनाल में 31 मई से 21 जून 2025 तक आयुष विभाग करनाल द्वारा विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है।

इसमे 18 जून 2025 को 850 कैदियों ने भाग लिया, जिसमें हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक नवीन संदूजा, जेपी पसरिचा, कमल चोपड़ा, मीनाक्षी मित्तल, कविता चौहान, कविता चौबे एवं आयुष विभाग से आयुष योग सहायक सोनू गीता एवं कुसुम रानी ने पुरुष व महिला कैदियों को योगाभ्यास करवाया।



हमारा मिशन स्वस्थ भारत संयोजक नवीन संदूजा ने बताया कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। तब से, दुनिया भर में लाखों लोग योग के अभ्यास से एकजुट होकर हर साल इस दिन को मनाते हैं। हम सबको भी मिलकर प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास का प्रण लेना चाहिए क्योंकि योग से ही संपूर्ण शरीर को स्वास्थ्य प्राप्ति संभव हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो जुआरी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम ने हाली कॉलोनी में जुआ खेल रहे दो युवकों शहजाद पुत्र बाबू फइम पुत्र जमालुद्दीन निवासी हाली कॉलोनी को गिरफ्तार किया और इनके पास से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 11500 रुपये की नगदी बरामद हुई है। थाना किला प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि आरोपियों पर गेंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### मच्छरों से बचाव करें नागरिक

पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिन प्रतिदिन मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, बदलते मौसम में हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। अक्सर इस मौसम में मच्छर जनित डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी घातक बीमारियां होती हैं इसलिए कहीं भी अपने आसपास जलभराव ना होने दें क्योंकि विभिन्न जगहों पर जलभराव की वजह से मच्छर पैदा होते हैं।

### देशव्यापी हड़ताल को लेकर बैठक

**पानीपत।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारी में मजदूर संगठन सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी में मजदूर-कर्मचारी और विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य के वरिष्ठ प्रधान बलवान सिंह नांदल, सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल गाहल्याण, जय भगवान, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी, कश्मीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### योग से जुड़ने की सलाह दी

पानीपत। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि के जिला प्रभारी डॉ.शेषपाल सिंह ने सेक्टर 24 शिव मंदिर के पार्क में 21 जून का प्रोटोकॉल करवाया। इस अवसर पर सभी शहर वासियों को योग से जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि 21 जून को राज्य स्तरीय योग दिवस कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर होगा। जिसमें योग ऋषि स्वामी रामदेव हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा का सभी प्रशासन ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र की धरती पर योग करेगा।

### बाक्सिंग प्रतियोगिता 27 जून से

**पानीपत।** जिला खेल अधिकारी धुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल विभाग द्वारा राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता (पुरूष एवं महिला) वर्ग में प्रतिभागिता का 27 जून से 29 जून तक पंचकूला में आयोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व जिला स्तर पर चयन ट्रायल आयोजित करवाकर चयनित खिलाड़ियों की सूची निदेशालय, पंचकूला में भिजवाई जानी है।

## पूरे प्रदेश में समानता से विकास कार्यों को किया जा रहा

# विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है हरियाणा : पंवार

पंचायत विकास मंत्री ने पानीपत प्रशासन के साथ इसराना हलके में विकास कार्यों की समीक्षा की


पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार इसराना हलके के विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार ने बुधवार को जिला सचिवालय में इसराना विधानसभा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि जो कार्य अधूरे हैं उन्हें शीघ्रता से पूरा करें और जो कार्य शुरू नही हो पाए हैं उनमें रूचि लेकर उनकी गति को बढ़ाएं। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंत्री पंवार को आश्वासन दिया कि विकास कार्यों में और गति प्रदान की जायेगी। उन्होंने तत्काल फोन करके अधिकारियों को विधान सभा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने मंत्री को आश्वासन दिलाया की वे स्वयं कार्यों को लेकर निरीक्षण भी करेंगे। मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार के पास पैसे की कमी नहीं हैं। पूरें प्रदेश में समानता से विकास कार्यों को किया जा रहा है। मंत्री ने नौल्था गांव में बनने वाले कबड्डी स्टेडियम के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं मंत्री ने वैसर व खंडरा गांवों के स्टेडियम पर भी अपडेट लिया।

मंत्री पंवार ने बताया कि सौदापुर में हरिजन चौपाल का कार्य 50 प्रतिशत पूरा हो चुका है, स्टेडियम में हॉल व शौचालय का निर्माण भी जल्द पूरा करवाया जाए। मंत्री ने बताया कि अलुपुर में कच्ची फिरनी के निर्माण का कार्य 30 प्रतिशत हुआ है। उरलाना कलां में हरिजन चौपाल में महिला चौपाल निर्माण कार्य का टेंडर हो चुके है। कवी गांव में शमशान घाट की चार दिवारी हो चुकी है। जबकि जिले में अभी तक तीस पुस्तकालयों की स्थापना हो चुकी है। वहीं, जिला में 45 महिला सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना की जानी प्रस्तावित है। बैठक में एडीसी डॉ. पंकज, सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह जिला परिषद के कार्यकारी अभियंता अमरिन्द्र पानू आदि उपस्थित रहे।

## गर्मी से बचाव को जनता को तरबूज खिलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत


**पानीपत।** हैल्पेज ऑर्फन्स के स्वयं सेवी जनता को तरबूज़ वितरण करते हुए।

हेल्पेज ऑर्फन्स ने श्री गुरु राम दास सिंह सभा गुरुद्वारा, मॉडल टाउन के बाहर हर वर्ष की भांति तरबूज़ वितरण शिविर का आयोजन प्रोजेक्ट आहार के बैनर तले किया, जिसमें ढाई हजार से अधिक लोगों को मुफ्त तरबूज खिलाया गया। हेल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल ने बताया कि इस तरबूज वितरण शिविर का आयोजन हर साल की तरह राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए किया गया है और यह तरबूज़ वितरण शिविर के आयोजन का सिलसिला वर्ष 2019 से चल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन बड़ी सफलता पूर्ण ख़तम हुआ व इस वर्ष टीम सहाये के स्कूली छात्रों ने स्वयंसेवा का योगदान दिया। इस अवसर पर हैल्पेज ऑर्फन्स से मनन सिंगल, गगन दीप सिंह, अर्जुन काठपाल, दीप्ती जैन, प्राची जैन, विवेक सचदेवा, युवराज चुघ, जतिन वर्मा, तरुण रहेजा, वेदिका गुलाटी, सौम्या जैन, नीतू जैन, विशाल गर्ग, सानव गाँधी, टीआ जैन, पलक गोयल, प्रीती जुनेजा, शुभम टक्कर व टीम सहाये से कीरत ओबेरॉय, गरिमा, ऋषिका चावला और हरजस सचदेवा मोजूद रहे।

## हथकरघा व शिल्प को बढ़ावा दे रहा है फ्लिपकार्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

उद्योग, कृषि एवं उद्यमशीलता में समृद्ध हरियाणा भारत के आर्थिक एवं लॉजिस्टिक्स परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। फ्लिपकार्ट हरियाणा के लोगों एवं संस्थानों के साथ मिलकर एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इनोवेशन, अवसर एवं सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके। फ्लिपकार्ट ने स्थानीय सेलर्स एवं एमएसएमई को सशक्त करते हुए, आजीविका के अवसर सृजित करते हुए और डिजिटल एवं फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार को गति देते हुए राज्य के विकास में योगदान दिया है। हरियाणा में फ्लिपकार्ट का प्रभाव मुख्यतः एमएसएमई सेक्टर को इसकी ओर से दिए जाने वाले समर्थन पर आधारित है। राज्य में 2.6 लाख से अधिक सेलर फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म का लाभ उठा रहे हैं। वहीं, स्थानीय कला एवं कृषि को विस्तार देने के प्रयास के तहत फ्लिपकार्ट ने हरियाणा खादी एम्पोरियम के साथ भी साझेदारी की है। इस साझेदारी के माध्यम से पारंपरिक हथकरघा एवं शिल्प को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## नशे के खिलाफ जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत



.नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए टेक्सटाइल श्रमिक। फोटो :हरिभूमि

पानीपत पुलिस की टीम ने बुधवार को समालखा में किवाना रोड पर स्थित नॉटस इंटरनेशनल फैक्टरी में श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। वहीं, शा मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है। जो व्यक्ति एक बार नशे के गर्त में फंस जाते हैं तो फिर फंसते ही चले जाते हैं। देश का युवा वर्ग इस दलदल में और अधिक न फसने पाए, इसके लिए सबसे जरूरी है युवाओं को नशे के दुष्परिणाम बताना और नशे के खिलाफ जागरूक करना। उन्होंने बताया कि समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। कुछ लोग लूट-मार जैसी वारदातों को केवल इसी लिए अंजाम देते हैं ताकि वे नशीले पदार्थों की अपनी जरूरत पूरी कर सकें। आमजन "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" जागरूकता अभियान में जिला पुलिस का सहयोग करें।

## शिक्षित होना हर बच्चे का मौलिक अधिकार

■ डीपीसी पानीपत, नीलम कुंडू ने संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। समालखा।


**समालखा।** एफएलएन प्रशिक्षण ग्रहण करने वाले टीचर्स डीपीसी नीलम कुंडू के साथ प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

एफएलएन प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीपीसी पानीपत, नीलम कुंडू ने कहा सभी शिक्षकों को शिक्षण संबंधी साधनों का प्रयोग करके बच्चों को पढ़ाना चाहिए क्योंकि इससे बच्चों की समझ में जल्दी आता है और बच्चा इन गतिविधियों से करके सीखता है। इस तरह से बच्चों की समझ में भी विकास होने की संभावना जल्दी होती है। उन्होंने कहा कि हर आखिरी बच्चे को हमें शिक्षा देनी है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए, शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है और शिक्षा ग्रहण करना हर बच्चों का मौलिक अधिकार है।

शिक्षकों के सामने आ रही समस्याओं के बारे में उन्होंने कहा कि अध्यापक का दर्जा बहुत ऊंचा होता है वह उन समस्याओं से ऊपर उठकर बच्चों को शिक्षा दें ताकि बच्चों के अंदर गुरु और शिष्य की भावना बरकरार रहे।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मोर, राजेंद्र, बीआरपी प्रवीण मुवाल, बलराज घनघस, हरीश सोहेल, सोनिया, रेनु बेनीवाल, मोंटी, बबीता, सुनील कुमार, दीपक रानी, सुनील कुमारी, लख्मी चंद, सुनीता देवी सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भोजन विक्रेता से डेढ़ लाख ठगे, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

पानीपत के गांव करहंस के पास जीटी रोड पर खाद्य पदार्थ बेचने वाले जयबीर से दो बाइक सवार युवकों ने पैसे दोगुना करने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। वहीं, जयबीर की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने दो अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। जयबीर ने बताया कि आरोपी उसे एक बैग दिया, जिसमें 200 के नोटों की 9 गड्डियां और 100 के नोटों की 9 गड्डियां मिली। गड्डियों के ऊपर केवल कुछ असली नोट थे। 100 के 6 नोट और 200 के 4 नोट। बाकी सभी नोट चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया के नकली नोट निकले।

इस तरह ठगों ने डेढ़ लाख रुपए लेकर मात्र 1 हजार 400 रुपये के असली नोट दिए और बाकी नकली नोट थमा दिए।

### निगम ऑफिस का ताला लगाया, बिजली बंद की

**पानीपत।** नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने नियमों को ताक पर रख कर चौधरी देवीलाल कांपलेक्स में स्थित निगम कार्यालय पर मंगलवार को प्रदर्शन किया था और कार्यालय पर ताला लगाते हुए बिजली की आपूर्ति बंद कर दी थी। वहीं यह आंदोलन यूनियन ने प्रधान नरेश कुमार के नेतृत्व में हुआ था। वहीं, नगर निगम आयुक्त कार्यालय की ओर से पुलिस को दी शिकायत में बताया गया कि 17 जून को नगर निगम के रेलवे रोड स्थित सरकारी कार्यालय बंद कर दिया गया। जिससे सरकारी काम में बाधा डली। इतना ही नहीं, सरकारी कार्यालय की बिजली तक काट दी गई। यह कार्य नगर निगम के कर्मचारी यूनियन के प्रधान नरेश कुमार ने अन्य सफाई कर्मचारियों ने मिलकर कर किया। इस कारण निगम कार्यालय में सरकारी कार्य पूरी तरह बंद हो गया। इधर, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया और निगम कार्यालय को खुलवा कर बिजली की आपूर्ति सुचारू करवाई।

## सड़कों पर अब नहीं मिलेंगे बेसहारा पशु

■ बेसहारा पशुओं को चिन्हित स्थलों या गो-आश्रय स्थलों भिजवाया जाएगा, बेसहारा पशुओं को लेकर उपायुक्त ने बैठक की


पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बेसहारा पशुओं की देखभाल एवं उनके रख-रखाव को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में यदि कोई भी बेसहारा पशु सड़कों, मुख्य मार्गों या सार्वजनिक स्थानों पर घूमता पाया जाता है, तो उसे नियमानुसार चिन्हित स्थलों या गो-आश्रय स्थलों पर पहुंचाया जाए। बेसहारा पशुओं की खुले में आवाजाही से सडक़ दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जिससे पशुओं के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ऐसे स्थलों की पहचान करें, जहां स्थायी गौशालाओं का निर्माण किया जा सके। इस प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं एवं पशुपालन विभाग का सहयोग सुनिश्चित किया जाए। डॉ. दहिया ने यह भी कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पशु कल्याण के साथ-साथ जन सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संबंधित विभागों को सख्ती से दिशा-निर्देशों का पालन करने और निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। इधर, निगमायुक्त डॉ. पंकज यादव ने बताया कि शहरी क्षेत्र में बेसहारा पशुओं को पकडने का अभियान चलाया जा रहा है, शहरी क्षेत्र में अब तक करीब 1300 आवारा पशु पकड़े गए है, पशुओं के रखने के लिए गोशालाओं को बनाने की प्रक्रिया भी चल रही है। बैठक में सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, इसराना एसडीएम नवनीत सिंह, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. संजय आंतिल तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



जेसीआई के पदाधिकारीगण विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए फोटो : हरिभूमि

### हेमल सोनी ने जीता सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी और सर्वश्रेष्ठ टीम लीडर का पुरस्कार

**पानीपत।** जेसीआई पानीपत सेंट्रल के अध्यक्ष जेसी रोबिन धमीजा की अध्यक्षता से हेमल सोनी ने राष्ट्रीय कार्यक्रम जैस्मिन में भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी और सर्वश्रेष्ठ टीम लीडर का पुरस्कार जीता। कार्यक्रम नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित किया गया था। अध्यक्ष रोबिन धमीजा ने कहा कि बच्चों को प्रतियोगिताओं में बढ चढ कर भाग लेना चाहिए और इससे बच्चों में आत्मबल बढता है। उन्होंने कहा कि जेसीआई इंडिया बच्चों के लिए इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इन बच्चों को भेजने का श्रेय पास्ट प्रेसिडेंट जेसी कुलभूषण नारंग को जाता है। उनके प्रयास से और उनके मार्गदर्शन से ही बच्चे इस कार्यक्रम में भाग ले पाए। वहीं कुलभूषण नारंग ने बताया कि हम आगे भी अपने बच्चों को प्रतिभागी के तौर पर भेजते रहेंगे और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

## बरसात से समालखा में जल भराव, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸। समालखा


समालखा में बरसाती पानी के भराव में पलटी ट्राली को उठाते हुए क्रेन।

समालखा में हुई बरसात ने जर्जर सड़कों और प्रशासन की अनदेखी की पोल खोल दी। एनएच-44 पर साईं गार्डन के सामने बनी सर्विस रोड पर दोनों ओर गहरे गड्ढों में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक स्क्रैप लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। घटना के बाद ट्रॉली मालिक राजेश ने लोडर मशीन बुलवाकर ट्रॉली को उठवाया,लेकिन इस बीच वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस हादसे से ट्रॉली मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। यह कोई पहली घटना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार,बीते कई वर्षों से साईं गार्डन के बाहर की यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। टेंपो और ई-रिक्शा पलटने की कई घटनाएं यहां पहले भी हो चुकी हैं,जिनमें कई लोग घायल हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी के कर्मचारी कुछ समय पहले इस सड़क को आंशिक रूप से ठीक कर चुके हैं,लेकिन बारिश के बाद फिर वही स्थिति बन जाती है।स्थानीय धार्मिक संस्था ने भी मिट्टी और रोड़ा डालकर अस्थायी रूप से इसे भरने का प्रयास किया था,लेकिन बरसात के बाद मिट्टी बह जाती है और सड़क फिर जर्जर हो जाती है। जीटी रोड़ किनारे नालों की सफाई नहीं होने से बरसात का पानी सड़क पर जमा हो जाता है,जिससे तारकोल की सड़क कटकर गहरे गड्ढों में बदल जाती है। यह स्थान बार-बार दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया है। जिला प्रशासन से मांग की है कि इस सर्विस रोड को ठोस और स्थायी रूप से दुरुस्त किया जाए।

## आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

# इंसान के तन व मन को स्वस्य रखता है योग

■ योग प्रशिक्षकों द्वारा योगासन के महत्व के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत


**पानीपत।** आर्य कॉलेज के विद्यार्थी योग प्रशिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय व आयुष विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बीच पांच दिवसीय योग शिविर की शुरुआत हुई। शिविर में योग प्रशिक्षकों द्वारा योगासन के महत्व के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग से योग विशेषज्ञ रेनु एवं प्रशिक्षक नरेश कंबोज का महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन अभ्यास करवाए। शिविर के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने शिविर की आयोजक डॉ. सोनिया सोनी,डॉ. रजनी शर्मा व प्राध्यापक पंकज चौधरी को शिविर के शुभारंभ के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और अच्छे चरित्र का विकास करना, योग के लाभों के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया की शिविर की शुरुआत ओम ध्वनि के साथ की गई। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित योग सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, धनुरासन, वज्रासन, पद्मासन और शवासन सहित विभिन्न योगासन अभ्यास के जरिये स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को निरोगी जीवन जीने और मन को एकाग्र रखने का अभ्यास करवाया गया। योग हमारे लिए स्वस्थ रहने का सिद्धांत है। इससे हम तन और मन को स्वच्छ और एकाग्र रख सकते हैं। वहीं, योग विशेषज्ञ रेनु एवं प्रशिक्षक नरेश कंबोज ने कहा कि योग से स्वस्थ मन की प्राप्ति होती है। योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन शैली को सुधारने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया।

**खबर संक्षेप**

### टीबी मुक्त भारत अभियान में जनसहभागिता जरूरी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि टीबी मुक्त भारत-2025 अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं और आमजन की सक्रिय भागीदारी भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीबी के समूल नाश के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक से पूर्व भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक एनएचएम आराधना पटनायक ने वीसी से विभिन्न राज्यों के उपायुक्तों निर्देश भी दिए।

### अस्थायी सफाई कर्मचारी ने फंदा लगाकर दी जान

**अंबाला।** डोर टू डोर ठेकेदार के अस्थाई कर्मचारी 26 वर्षीय यश ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने दंपती सहित एक व्यक्ति पर यश को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। युवक के परिजनों ने पडाव थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतक के भाई दिवाकर ने बताया कि यश पिछले करीब 8 साल से नगर परिषद में सफाई कर्मचारी था। पिछले कुछ समय से इलाके के दंपत्ति व एक अन्य व्यक्ति उसे तंग करते थे। मंगलवार को भाई काम से घर आया था। परिवार के सदस्य दूसरे घर पर गए हुए थे। इतने में यश ने घर के पंखे पर रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अभी मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की बात कही जा रही है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, महिला गिरफ्तार

**कैथल।** आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एसआई कुलबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए बाबा बकाला साहिब जिला अमृतसर पंजाब निवासी महिला आरोपी रणजीत कौर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खेड़ी गुलाम अली निवासी महिंद्रपाल ने ठगी करने बारे पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।

# मिशन एडमिशन: 1184 सीटों पर रिकॉर्ड 3583 आवेदन

- इलेक्ट्रिशयन ट्रेड में सबसे ज्यादा दाखिले की होड़
- राजकीय आईटीआई में 20 जून तक चलेगी दाखिला आवेदन की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। प्रिंसिपल भूपेंद्र सिंह सांगवान ने बताया कि आवेदकों को किसी तरह की परेशानी न हो इसलिए आईटीआई लैब में दाखिला कार्य हेतु हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

**जिओ इंफ्रोरमेटिक केवल 6 आवेदन:** इस शिक्षा सत्र में कुल 1184 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे। अभी तक कुल 3583 आवेदन प्राप्त हो चूके हैं। इसमें इलेक्ट्रिशियन 706, फीटर 306, कोपा 364, एमएमवी 185, मैकेनिक डीजल 248, वायरमेन 208, इलेकट्रॉनिक मैकेनिक 81, आर एंड एसी 193, वेल्डर 84, सोलर इलेक्ट्रिशियन 101, एचएसआई 59, स्टेनो हिंदी 84, स्टेनो अंग्रेजी 78, पलंबर 66, मैकेनिक डीजल ड्यूल 50, एमएमवी ड्यूल 66, डीएमएम 59, मशीनिस्ट 104, वुडवर्क टेक्निशियन 22, एमसीईए 26, सीएचएनएम 70, एडवांस सीएनसी 38, टर्नर ड्यूल 45, सोल टेस्टिंग 15, पेंटर जरनल 22, मशीनिस्ट ड्यूल 19, एलओएमएम 16, इन्स्ट्रूमेंअ मैकेनिक ड्यूल 27, जिओ इंफ्रोरमेटिक 6, आक्रिटेक्चर 31, फाउंडरी मैन 8, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपेरटर 9, वेल्डर ड्यूल 10, आसीटीएसएम 35, फिटर ड्यूल 27, टूल एंड डाइमेकर 15 में ट्रेड वाइस कुल 3583 आवेदन प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया 20 जून तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। आवेदन के लिए रोज छात्रों में जोश देखने को मिल रहा है।

**आवेदकों की सुविधा के लिए स्थापित किए हेल्प डेस्क**



# परिचालक पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- कुछ लोकल रूट प्रभावित रहे वहीं कुछ रूटों पर चालक परिचालक बसों को लेकर देरी से निकले

फतेहाबाद डिपो के परिचालक कृष्ण कुंडू पर जानलेवा हमला कर मारपीट करने और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के विरोध कर्मचारियों ने रोडवेज वर्कशाप में प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर सुबह दस बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक किया गया। इस दौरान कुछ लोकल रूट प्रभावित रहे। वहीं कुछ रूटों पर चालक परिचालक बसों को लेकर देरी से निकले।

भारतीय मजदूर संघ के प्रधान रविंद्र राणा ने बताया कि दो दिन पहले हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद डिपो की बस हरिद्वार से फतेहाबाद जा रही थी। जब यह बस हिसार बस अड्डे पर पहुंची तो सवारियों के साथ कुछ लड़के भी बस में बैठ गए। परिचालक ने युवक को टिकट लेने को कहा तो युवक झगड़ा करने लगा। इस युवक ने साथियों को बुलाकर परिचालक पर हमला कर दिया था। 15 मई को भी जिरकपुर में चंडीगढ़ डिपो के चालक अमित व परिचालक हिम्मत पर हमला करने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तार नहीं हुई है।

# बीमार पड़ी व्यायामशालाओं को तंदुरुस्त करने के लिए कसरत शुरू

## छह साल से किसी ने नहीं ली सुध, चार व्यायामशालाएं खंडहर में हो चुकी हैं तब्दील

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पंचायतें अपने स्तर पर कटवा रही है झाड़ियां, शरारती तत्वों का अड्डा बनी

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

उपमंडल में लोगों को निरोग बनाने के उदेश्य से खोली गई व्यायामशालाएं पिछले काफी सालों से खुद ही बीमार पड़ी थी। इनकी ओर किसी ने ध्यान नहीं था। अब आगामी 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सभी पंचायतों ने इन योगशालाओं का इलाज करने का बीड़ा उठाया। अपने पैसे से उनके प्रांगण की साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरूस्त किया। पंचायतों ने यह कदम देरी से उठाया है। अब देखना होगा कि 21 जून तक योग दिवस के दिन तक यह सभी व्यायामशालाएं पूरी तरह से योग दिवस के तैयार हो पाती भी है या नहीं। बता दें कि देख-रेख के अभाव में मुलाना, धीन और मनुमाजरा में बनी तीन योगशालाएं जर्जर हालत में थी। अब 21 जून को योग दिवस को मनाने को लेकर इन तीन पंचायतों ने कमर कस ली है। वह इन व्यायामशालाओं की मरम्मत और साफ-सफाई के कार्य में जुट गई हैं।



उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रदेश भर में व्यायामशालाएं बनवाने की कवायद शुरू की थी। इन व्यायामशालाओं पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए, मगर कुछ समय बाद ही इन योगशालाओं की हालत बेहद खराब हो गई। इन व्यायामशालाओं में केवल उद्घाटन के दिन ही योग करने हेतु प्रशासनिक अधिकारी व गांव के लोग एकजूट हुए। उसके बाद किसी ने भी इन व्यायाम शालाओं की सुध नहीं ली। अब इन व्यायामशालाओं में योग करने को लोग नहीं आते थे। कुछ शरारती किस्म के लोग अवश्य यहां आते हैं। इन व्यायामशालाओं में कांग्रेस घास उग आई थी। बरसात के दिनों में इन व्यायामशालओं में बरसाती पानी भी भर जाता था।

### उपमंडल में बनाई गई थी 3 व्यायामशालाएं

प्रदेश में 309 व्यायामशालाओं का उद्घाटन सीएम मनोहर लाल द्वारा गत 5 मई 2018 को वीसी के जरिए किया गया था। इसी कड़ी के तहत बराड़ा ब्लॉक के गांव मनुमाजरा, मुलाना व गांव धीन में सरकार द्वारा व्यायामशालाएं बनाई गई। गांव मनुमाजरा में लगभग 3 एकड़ भूमि पर लगभग 16 लाख की लागत से व्यायामशाला का निर्माण किया गया। गांव धीन में डेढ़ एकड़ में बनी व्यायमशाला पर लगभग 19 लाख का खर्च आया था। इन दोनों गावों में बनी व्यामाशालाओं में जहां योग करने के लिए शैड बनाए गए थे। साथ ही दौड़ लगाने के लिए मैदान के चारों तरफ पक्की पट्टी भी बनाई गई थी। इसके साथ-साथ शौचालय, बिजली व पीने के पानी का प्रबंध भी इन व्यायामशालाओं में किया गया।

गांव मनुमाजरा में व्यायामशाला की शुरूआत भाजपा के तत्कालीन जिला प्रधान जगमोहन कुमार लाल तथा गांव धीन की व्यायामशाला में हल्का मुलाना की तत्कालीन विधायिका संतोष चौहान सारवान द्वारा की गई थी। सोहाना रोड मुलाना में बनाई गई व्यायामशाला का कार्य पूरा न होने की वजह से उस समय उद्घाटन नहीं हो सका था। इस व्यायामशाला का उद्घाटन बाद में पूर्व विधायक संतोष सारवान द्वारा 4 मार्च 2019 को किया गया था। इन योगशालाओं के उद्घाटन के समय दावा किया गया था कि यह केंद्र गांव के युवाओं को नशे से दूर रखेगा। लगभग 6 साल बीत जाने के बावजूद व्यायामशाला में न तो कोई नियमित गतिविधियां होती हैं और न ही लोग इसका उपयोग कर रहे हैं।

### फंड की कमी से रख-रखाव नहीं हो पाया

> धीन में डेढ़ एकड़ में लगभग 19 लाख खर्च कर व्यायामशाला का निर्माण किया गया था। गांव में बनी व्यामाशाला में योग करने के लिए शैड बनाए गए थे। सरकार द्वारा बनाई गई व्यायामशालाओं की देखरेख की जिम्मेवारी पंचायतों को सौंपी गई थी। फंड की कमी के कारण इसके रख-रखाव नहीं हो पाया। वे अपने स्तर पर योगशालाओं में सुधार कार्य करवा रहे हैं।
>
> -सतविंद्र सिंह, सरपंच, धीन

### पंचायतें अपने स्तर पर कर रही काम

मनुमाजरा, धीन व मुलाना में स्थित व्यायामशालाओं का पंचायतें अपने स्तर पर सुधार कर रही है। इन व्यायामशाला की चार दीवारों पर रंग-रोगन करने के अलावा दीवारों पर योग संबंधी जागरूकता के स्लोगन लिखवाए जा रहे हैं। इसके अलावा, बाथरूमों की मरम्मत और पानी की व्यवस्था बहाल करने का कार्य भी किया जा रहा है। व्यायामशालाओं के चारों ओर उगी झाडियों और घास को उखाड़ कर मैदान को समतल किया जा रहा है। इन व्यायामशालाओं में सरकार की ओर से अनुबंधित योगा कोच रखने की भी योजना थी। जो लोगों को योग का प्रशिक्षण दे सके। कोच की कोई सुविधा न हाने की वजह से इन व्यायामशालाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया।



**अंबाला।** गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए नपा चेयरमैन।

# गली का निर्माण कार्य शुरू लंबे समय से था इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- वार्ड 7 के लोगों ने जताया नगर पालिका चेयरमैन का आभार
- यह गली बंसल पैलेस रोड से लेकर राजिंदर सिंह के घर तक बनाई जाएगी
- अधूरे कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाए जाएंगे पूरे

नगर पालिका के चेयरमैन रजत मलिक ने मंगलवार को वार्ड नंबर 7 में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह गली बंसल पैलेस रोड से लेकर राजिंदर सिंह के घर तक बनाई जाएगी। चेयरमैन ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से कार्य की शुरुआत की। इस मौके पर वार्ड नंबर 7 की सदस्य राजकली के पति एवं समाजसेवी जसविंदर सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

मलिक के वार्ड में पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। गली निर्माण कार्य शुरू होने पर हर्ष व्यक्त किया। वार्डवासियों ने बताया कि वे लंबे समय से इस गली की मरम्मत की मांग कर रहे थे जो अब पूरी हो रही है। उन्होंने इसके लिए चेयरमैन का आभार जताया। मलिक ने कहा कि उन्होंने कार्यभार संभालने के कुछ ही महीनों में अपने वादों को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। यहां विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। सभी 16 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है।

### ये रहे मोजूद

इस अवसर पर समाजसेवी नीटू राणा, वैभव सिंगला, ओम प्रकाश सैनी, निर्मल सिंह, विजय, सूरज, दिलप्रीत सिंह और राजिंदर समेत कई लोग उपस्थित रहे।



# चार दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुबारिक पुर के सूर्य महल पैलेस में पतंजलि योग संगठन, जिला डेरा बस्सी, राज्य चण्डीगढ़ द्वारा चार दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 - जून को किए जाने वाले सामान्य योग अभ्यासक्रम - प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण शिविर₹ का शुभारंभ राजेश शर्मा जी ( जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति ) जी की अध्यक्षता में विधिवत तरीके से मंत्रोचारण और दीप प्रज्वलित करके किया गया दीप प्रज्जवलन की रस्म में भाई मानविन्दर पाल-टोनी राणा ज ( मौजूदा एम० सी० और इलाके के सबसे बडे.समाज सेवक ), भाई अनिल शर्मा , दीपिका शर्मा , भाई दीपक शर्मा , बहन सुनीता चोपड़ा , भाई धर्मन्द्र ठाकुर , भाई शंकर लाल , भाई जोगिन्द्र सिंह , भाई अनिल ( सभी जिला कार्यकारिणी सदस्य ) और अन्य योग शिक्षक एवं कर्मठ कार्यकर्ता मौजूद रहे आज के योग शिविर का संचालन भाई दीपक शर्मा जी ने कियाआज योग शिविर में यौगिंक-जौगिंग के 12 अभ्यास, इंटीग्रेटेड योग और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य अभ्यासक्रम-प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गयाआज योग शिविर में राजेश शर्मा जी ने इंटीग्रेटेड योग के महत्व को बताते हुए आसनों के साथ प्राणायाम करने से मिलने वाले लाभ की महत्वपूर्ण जानकारी दीआज योग शिविर में काफी संख्या में भाई बहन उपस्थित रहे ।

# पार्टी को मजबूत बनाने में भूमिका निभाएं नवनिर्वाचित पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**अंबाला।** नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से मुलाकात करते हुए सांसद वरुण चौधरी।

युवा कांग्रेस चुनावों के बाद घोषित परिणामों के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बुधवार को लोकसभा सांसद वरुण चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने सांसद को समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया।

सांसद वरुण चौधरी ने प्रदेश, जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर निर्वाचित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी और संघर्षशील पार्टी है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर अब तक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के ये नवनिर्वाचित प्रतिनिधि संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे । सांसद ने युवाओं का आह्वान किया कि वे राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को सशक्त बनाएं। युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी के आदर्शों पर चलते हुए संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, प्रदेश महासचिव प्रतीक चौधरी, प्रदेश सचिव अंकुर मेहता, ग्रामीण जिला अध्यक्ष ऊधम सिंह, शहरी जिला अध्यक्ष हरमन सिंह हैरी आदि मौजूद रहे।

# केवल अच्छे काम करने से नहीं मिलती मानव को मुक्ति: साध्वी अदिति भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामबाग ग्राउंड अम्बाला शहर में आयोजित श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन के सत्र में कथाव्यास साध्वी अदिति भारती ने वृत्रासुर वध की गाथा, सप्तऋषियों के श्राप से नहुष का इन्द्रासन से च्युत होने एवं राजा हरिश्चंद्र की गाथा बखान किया।

वृत्रासुर वध की गाथा का वर्णन करते हुए साध्वी ने वेदांत के एक गहरे तथ्य को प्रकट किया त्रिगुणी माया से रचे इस सृष्टि तीनों गुणों में श्रेष्ट सत्व गुण का प्रतिनिधित्व करते हैं देव। यह वह



जीवात्माएं हैं जो इस धरा पर शुभ कर्म कर जीवन रुपी संप सीढ़ी के खेल में सफलता की सीढियां चढ़ते हैं। एक दिन देवसन को प्राप्त करते हैं परंतु स्वर्ग सुख के अभिलाषी इस समाज को साध्वी जी ने इस गाथा के माध्यम से स्पष्ट समझाया की स्वार्थ की भावना से किये शुभ कर्मों से मानव को स्वर्गासन तो अवश्य प्राप्त हो सकता है परंतु इसके बाद भी मुक्ति आवश्यक नहीं। राजा नहुष का इंद्रासन को प्राप्त कर इंद्राणी शची पर कामासक्त हो सप्तऋृषियों द्वारा शापित हो सर्प बन जाने की गाथा से साध्वी मानव के चारित्रिक पतन और समाज पर इसके गहन प्रभाव को उठाया। समाज को सुचरित्र निर्माण की और प्रेरित करते हुए स्वामी विवेकानंद , स्वामी रामतीर्थ जैसे महान विभूतियों का उद्धरण देते हुए साध्वी ने बताया की आशुतोष महाराज कहा करते हैं कि मानव की शक्ति जब नीचे की ओर लगती है तो वह उसे काम वासना की ओर अग्रसर करती है परन्तु यही शक्ति जब ब्रह्मज्ञान के माध्यम से उर्ध्वमुखी होती है तो उससे राम तक लेजाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**राजीव गांधी खेल स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम, सौंपी जिम्मेदारी**

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां पूरी, फाइनल रिहर्सल कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला स्तर पर खेल स्टेडियम सेक्टर-10 अंबाला शहर में मनाया जाएगा। इसके साथ-साथ सभी ब्लॉकों में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम किया जाएगा। उपायुक्त कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बारे अपनी-अपनी विभागीय तैयारी समय रहते पूरी करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाला 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-थीम पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास में योग की अहम भूमिका है। ऐसे में योग को दैनिक रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए स्वास्थ्य सुधार में हम आगे बढ़ सकते हैं।

योग रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम जिला स्तर के साथ साथ जिला के सभी खंडों में प्रभावी ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जाए। डीसी ने बैठक के क्रम में यह भी बताया कि कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर सीईओ जिला परिषद् को नोडल अधिकारी लगाया गया है। इसके साथ-साथ ब्लॉकों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए बीडीपीओ की जिम्मेदारी तय की गई है। उन्होंने कहा कि 19 जून को सुबह 6 बजे हर्बल पार्क अंबाला शहर से योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें आयुष विभाग, पुलिस विभाग के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थी, योग संस्थान के प्रतिनिधि व अन्य प्रतिभागी इसमें शामिल होकर योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करने का काम करेंगें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस में वे अपने अधीन अधिकारियों व कर्मचारियों सहित इस योग दिवस में भाग लें। उन्होंने सभी जगहों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दृष्टिगत सफाई, सौंदर्यकरण, पानी, शौचालय, एंबुलेंस की व्यवस्था की समुचित व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए।



**अंबाला।** अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी अजय सिंह तोमर।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम शिवजीत भारती, संयुक्त आयुक्त नगर निगम अदिति, नगराधीश अभिषेक गर्ग, आरटीए सुशील कुमार, जिला आयुर्वेर्दिक अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा, डीआईओ डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीएसओ राजबीर रंगा, टीएम विपुल नांदल, डीएसपी विजय कुमार, एपीओ अनिल हुड्डा, कार्यकारी अभियंता संदीप, एसडीओ हरमिलाप सिंह आदि मौजूद रहे।